श्री एस.एस. अहलुवालिया : यह विद्ड्रॉ किया। ...(**व्यवधान**)... उसके बारे में क्यों भूल जाते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : देखिए please co-operate with *me ...(Interruptions)...* Statutory Resolution Dr. Murli Manohar Joshi *(Interruptions)...*

प्रो. राम देव भंडारी : सर, यह तो मेरे साथ अन्याय हैं। ...(**व्यवधान**)... आपने बिना नोटिस वाले को बोलने की परमीशन दी और मुझे नहीं दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Murli Manohar Joshi to move the Resolution..... *(Interruptions).*

प्रो. राम देव भंडारी : सर, मेरी बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मैं, आपसे रिक्वेस्ट करता हूं, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... नहीं, आप बैठिए।

No, no. This is not the tima *..(Interruptions)..* Now, Dr. Murli Manohar Joshi to move the Resolution.

Statutory Resolution Seeking Disapproval of National Commission for Minority Educational Institutions (Amendment) Ordinance, 2006 (No. 1 of 2006).

and

The National Commission for Minority Educational Institutions (Amendment) Bill, 2005.

डा. मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से यह संकल्प उपस्थित कर रहा हूं कि :-

"यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 23 जनवरी , 2006 को प्रख्यापित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (2006 का संख्यांक 1) का निरनुमोदन करती हें"।

उपसभापति जी, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय था, जिसको एक अध्यादेश के द्वारा जल्दबाजी में लाकर कुछ ऐसे काम किए जा रहे हैं, जो मेरी दृष्टि से देश के, शिक्षा के, अल्पसंख्यक सभी समुदायों के लिए हानिकारक हैं। इसमें पहली बात तो यह समझ में नहीं आती हैं सात महीने के अंदर ही ऐसा क्या घटनाएं हो गई थीं, जिनके कारण यह अध्यादेश लाने की जरूरत पड़ी। जनवरी, 2005 में एक विधेयक पास होकर अधिनियम बना था और फिर जुलाई 2005 में आप उसके लिए एक संशोधन ले आए और वह भी सारी चीजों को पलटने वाला

संशोधन। इस संशोधन को लाते समय यह कहा गया कि क्योंकि संविधान मे एक संशोधन हो गया हैं, इसलिए अब जरूरी हो गया हैं कि एक अध्यादेश के द्वारा हम वह संशोधन विधेयक द्वारा लागू कर दें।

उपसभापति जी, सबसे पहली बात तो यह हैं कि इसमें यह कहा जा रहा हैं कि अल्पसंख्यको की शैक्षणिक संस्थाओं के बारे में यह विधेयक लाया जा रहा हैं, लेकिन अल्पसंख्यक की परिभाषा इस अध्यादेश के अंदर नही दी गई हैं। कौन अल्पंसख्यक हैं? पुराने संविधान के संशोधन में कहा गया था कि वे अल्पसंख्यक हैं,जिन्हे संवधिान में उसके अनुच्छेद 30 के अंतर्गत माना गया हैं। इसमें ये भाषाई और पांथिक दोनो प्रकार के अल्पसंख्यक हैं । अब इस सारे अध्यादेश को पढने से यह पता नहीं चलता कि इसमें भाषाई और पांथिक, दोनों प्रकार के अल्पसंख्यकों के बारे में क्या अधिकार हैं। क्या भाषाई लोगो का निर्णय करने का अधिकार भी केन्द्र सरकार को होगा और इस आयोग को होगा? भाषाई अल्पसंख्यक, यह तो राज्य सरकारों का विषय हैं, वही इस पर निर्णय करते हैं, उनके बारे में संज्ञान लेना उनका काम हैं। लेकिन, कोई भी बात इसमें साफ-साफ नहीं की गई है कि भाषाई अल्पंसख्यको को क्या होगा और धार्मिक अल्पसख्यको का क्या होगा? इस प्रकार से यह संघीय स्वरूप पर आघात करता हैं, पूरे फेडरल स्ट्रक्चर के ऊपर आघात करता हैं। यह भी बात गौर-तलब हैं कि किसी संस्था के बारे में जानकारी देने का काम, इकट्ठा करने का काम, खासतौर पर शिक्षा संस्थाओं के लिए उनका कौन प्रबंध कर रहा हैं, वित्तीय स्रोत कहां से आ रहे है, फाइनेन्सियल रिसोर्सेस कहां से आ रहे हैं, उनके बाकी जो कुछ कायदे-कानून,िजसके मुताबिक वह संस्था बननी चाहिए, वे पूरे हुए हैं या नहीं हुए हैं, इसकी पहले राज्य सरकार अच्छी तरह छानबीन करती हैं, लेकिन आपने उसके जो मारे अधिकार हैं उनको निलंबित कर दिया हैं समाप्त कर दिया हैं। किसी भी संस्था की जांच के लिए, उच्च संस्था के लिए, उच्च शैक्षिक संस्थाओं के लिए अनेक संस्थाएं मौजूद हैं, जैसे यूजीसी मौजूद हैं, एआईसीटीई मौजूद हैं, आईएमसी मौजूद हैं और भाषाई अल्पसंख्यको के लिए भी एक संस्था मौजूद हैं, जो बार-बार बताता रहता हैं, उसका जो रजिस्ट्रार हैं, वह बताता रहता हें कि कहां भाषाई अल्पंसख्यक हैं या कहां नहीं हैं, इन सब का आपने कोई अधिकार रखा ही नहीं, सबको समाप्त कर दिया हैं और वह सारा अधिकार आपने उठाकर एक आयोग को दे दिया हैं। जिसके पास शैक्षिक और बाकी जानकारियां प्राप्त करने के कोई व्यवस्था हैं ही नहीं। जो पहले से ही देश में अल्पसंख्यको का आयोग मौजूद हैं, उसके अधिकार का भी आपने अतिक्रमण कर दिया हैं। तो एक प्रकार से जितनी भी संस्थाएं बनी हुई हैं, जो शिक्षा के स्तर का और शिक्षा की उच्चतर क्वालिटी का, इन सब का निर्धारण करती हैं, उन सब को आपने समाप्त कर दिया। फिर इस बारे मे इसमें कोई व्यवस्था नहीं रखी गई हैं कि जो भी संस्था अल्पंसंख्यक के रूप में आएगी, उसकी शिक्षा का स्तर कौन निर्धारित करेगा? उसमें अगर शिक्षा का स्तर गिर गया

तो अल्पसंख्यक के साथ भी आप एक बड़ा भारी अपराध करेंगे और उनकी सारी शिक्षा को आप निम्नतर दर्जे पर स्थापित कर देंगे, कहेंगे कि यह सेंकेड ग्रेड हैं। तो उनके साथ आपने ऐसा किया हैं। विश्वविघालयों के अधिकारों का भी आपने अतिक्रमण कर दिया हैं। उनके स्टेच्यूट्स हैं, जिनके मुताबिक वे ऐफिलिएंशस देते हैं, संबद्धता देते हैं, लेकिन आपने उनके अधिनियम, परिनियम इन सबको भी ताक पर रख दिया हैं। तो यह एक सवाल इसमें बहुत गहरा हैं।

दूसरे, आप इसमें केवल ऐफिलिएशन की समस्या क्यों लेते हैं? ऐफिलिएशन कोई समस्या नहीं हैं। मैंने 6 साल तक इस विभाग को संभाला हैं, ऐफिलिएशन कोई समस्या नहीं हैं, समस्या आती हैं छब्ब्. छव व्इरमबजपवद ब्मतजपपिबंजम में और उसका अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक से कोई ताल्लुक नही हैं? वह सबके लिए समान हैं। मेरे पास जितनी शिकायतें आती थीं, उनमें से अधिकांश बहुसंख्यक लोग, जिन्हे मेजारिटी इंस्टिट्यूशंस कहा जाता है, उनकी आती थी छब्ब की। छब्ब की जो व्यवस्था हैं, उसमें अपने आप में कुछ कठिनाईया हैं। आप उनको देखें। उसको सरल किया जाना चाहिए, मैं इससे सहमत हूं, उसमें भ्रष्टाचार दूर होना चाहिए, इससे मैं सहमत हूं, लेकिन छब्ब ही एक सबसे बड़ी चीज हैं कि जो सबसे पहले आपकी संस्था की गुणवत्ता और उसके रख-रखाव को निर्घारित करेगी उसके पास जमीन हैं या नहीं, वित्तीय साधन हैं या नहीं, अगर हैं तो कहां से आए हैं, कौन उनको दे रहा हैं, ब्लैक मनी लॉन्ड्रिग हो रही हैं या फॉरेन मनी लॉन्ड्रिग हो रही हैं, उसमें ये सारी बाते देखना जरूरी होती हैं। तो छब्ब इसमें थोड़ा समय लगता हैं, इसको हम भी मानते हैं,हमने भी देखा हैं। इसलिए इसमें ज्यादा समय न लगे, इसके नियम साफ हों, उसमें पारदर्शिता हो, यह बात सारी संस्थाओं के लिए जरूरी हैं। इसमें आप यह क्यों कहना चाहते हैं कि छब्ब जल्दी सिर्फ अल्पसंख्यक संस्थाओं को ही मिले और बाकी को देर में मिलता रहे? यह तो इक्वेलिटी बिफोर लॉ के लिए भी ठीक नहीं हैं, क्योंकि छब्ब मिलने की कठिनाइयों सारी संस्थाओं के लिए दूर होनी चाहिए, उसमें केवल1 अल्पसंख्यक का ही सवाल नहीं हैं। ऐफिलिएशन के बारे में भी आयोग करने की जरूरत नहीं हैं। आप देश में यह बातें क्यों पैदा करना चाहता हैं कि उच्च शिक्षा में भी अल्पसंख्यक अलग हैं, बहुसंख्यक अलग हैं? इस तरह से धीरे-धीरे आप न केवल शिक्षा के सैकुलर करैक्टर पर, बल्कि संविधान के सैकुलर करैक्टर पर भी आघात कर रहे हैं। जो फेडरल करैक्टर हैं, उस पर भी आप आघात कर रहे हैं और जो बेसिक फीचर्स का दूसरा हमारा सिद्धान्त हैं कि यह संविधान सैकुलर हैं, देश सैकुलर करैक्टर का हैं, उस पर भी आप आघात कर रहे हैं, और साथ ही साथ आप जिन अल्पसंख्यकों के नाम पर यहां पर विधेयक लेकर आए हैं, आप उनके साथ भी अन्याय कर रहे हैं कि उन्हे आप एक अलग स्ट्रीम में जाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह अलगावाद को बढ़ावा देगों शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देंगा, और क्षेत्रों में तो पहले से ही बढ़ावा दिया हुआ।

मेरा अनुरोध यह हैं कि इस विधेयक का निरमुदोन किया जाए और सदन इस पर गंभीरता से विचार करे। जो हमारे राष्ट्रीय शिक्षा नीति हैं, जो इसी सदन ने पास की हैं, उसके अंतर्गत उसमें बहूत सारी व्यवस्थाएं हैं, वह मेरे जमाने में पास नहीं हुई थी, वी श्री राजीव गांधी जी के जमाने में पास हुई थी, उसके अंदर जो सिद्धातं हैं, आप उनका भी उल्लंघन कर रहे हैं शिक्षा समान हो, शिक्षा का स्तर अच्छा हों, शिक्षा में एक्सैसिब्लिटी हो, उस तरफ ध्यान दीजिए और उसके लिए आप अगर एक कम्प्रिहेंसिव विधेयक लाएं तो सदन उसका स्वागत करेगा, उसकी जरूरत हैं।

फिर आप कहते हैं कि यह इसलिए आप कर रहे हैं कि शैक्षिक सत्र शुरू होने वाला हैं और उस सत्र में आपको कोटा फिक्स करने के लिए इसकी आवश्यकता हैं। देखिए, सत्र जो शुरू होगा, उसके लिए कोई नई संस्था नहीं बन सकती क्योंकि सत्र शुरू हो रहा हैं जून, जुलाई या अगस्त में और इतनी जल्दी कोई नई माइनॉरिटी संस्था नहीं आ सकती। अगर आएगी भी तो 9060त्र 150 दिन यानी पांच महीने तो ऐसे ही लग जाएंगे और फिर उसमें कोई झगडा भी हो सकता हैं। अतः अभी कोई यह जरूरी नहीं कि चूंकि यह सत्र शुरू होने वाला हैं, इसलिए यह अध्यादेश लाना ही चाहिए, ऐसी बात नहीं हैं। मेरा सुझाव यह होगा कि आप इस पर गहराई से विचार कीजिए और उसमें जो कुछ आवश्यकता हैं, जिन संस्थाओं की बात आप कर रहे हैं। प्रोंफैशनल संस्थाओं की, उनमें जहां जिस सहायता की जरूरत हैं, उसकी बात कीजिए। अल्पसंख्यकों की संस्थाओं आगें बढ़े, वे अगर आगे मेन स्ट्रीम में आना चाहती हैं, उसके लिए जो कुछ करना हो, उसके लिए जो कुछ करना हो, आप उस बारे में एक कम्प्रिहेंसिव बिल लेकर आएं तो सदन को कोई ऐतराज नही होगा, परन्तु इस तरह से आप अलगाववाद को बढ़ावा देने की कोशिश न करें।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं, सदन से अनुरोध करता हूं कि इस विधेयक का, इस अध्यादेश का इस समय निरनुमोंदन किया जाए और इस पर एक बहुत अच्छा बिल सोच-समझकर लाया जाए, जो सारी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बने। देश की सुरक्षा, देश की अर्थव्यवस्था, अल्पसंख्यकों की शिक्षा की वर्तमान अवस्था, इन सबको ध्यान में रखते हुए अगर आप कुछ लाएंगे तो शायद उसका देश को ज्यादा लाभ होगा, अन्यथा यह विधेयक कोई काम नहीं करेगा। मेरा जितना अनुभव हैं इस मामले में, उसके आधार पर मैं आपको स्पष्ट कहना चाहता हूं कि यह विधेयक अल्पंसख्यकों के लिए कोई सहायता नहीं देगा, इससे और झगड़े बढ़ेगे और भाषायी तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों के सवाल अलग से खड़े होंगे। इसलिए कृपा करके आप इसे वापिस ले लें, यही सबसे अच्छा होगा। धन्यवाद।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MD. ALI ASHRAF FATMI): Mr. Deputy Chairman, Sir, I beg to move:

That the Bill further to amend the Naitonal Commission for Minority Educaitonal Institutions Act, 2004, be taken into consideration.

श्री उपसभापति : क्या आप इसके बारे में कुछ एक्सप्लेन करना चाहते हैं?

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी : नहीं, सर, जब इसके ऊपर डिस्कशन होगी, तब ही श्री मुरली मनोहर जोशी जी ने जो कहा हैं-चूंकि उन्होने ऑर्डिनेस को वापस लेने के लिए अपना प्रस्ताव दिया हैं, इसलिए डिस्कशन में जब और चीजें भी सामने आएंगी, जैसे आपने एनओसी के बारे में या ऐफिलिएशन के बारे में सवाल उठाए हैं या दूसरी अन्य जो भी आशंकारएं हैं, उन सभी पर हम यहां पर बात करेंगे।

The questions were proposed.

SHRI BALAVANT *ALIAS* BALAPTE (Maharashtra): Sir, if you are going to adjourn the House for lunch at one o'clock...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You speak for ten minutes Then you can continue after lunch. Your party has 42 minutes Two speakers are there. So, adjust your timings.

SHRI BALAVANT *ALIAS* BAL APTE: Sir, earlier, when the original National Commission for Minority Educational Institutions Bill was moved and discussed in this House, it was necessary for me to rise and oppose the said Bill for various reasons. Now, an amendment has come to the same Bill. It is almost in a pattern, which the present ruling party has followed throughout—using the law to upturn the law. They have been doing it right from the 42nd Amendment when a judicial decision of the Allahabad High Court was to be upturned by even amending the Constitution. Sir, this has happened again and again. When the question of maintenance to the destitute women came up, simply udner section 125 of the Code of Criminal Procedure, the Supreme Court said something --it did not rule—it only said something in the case of Shah Bano, and you changed the law to bring in a new legislation to control, by way of protection, the rights of the Muslim women. Sir, when the Supreme Court declared that the Aligarh Muslim University cannot be a minority institution, you went ahead and changed the law, taking it upon yourselves to decide which a minority institution is, when the Constitution mandates that it is for the people of the minority to establish it. When the IMDT Act was invalidated by the Supreme Court saying that it is permitting an invasion of this country, you subverted that decision by promulgating an order, whereby, again, a privilege was granted to the infiltrators in Assam—which is not available to the rest of the country—to protect the infiltrators, so that they will vote for you. Sir, the Supreme Court has said that in so far as establishing and running educaitonal institutions is concerned, it is a right

equally available to the citizens of this country, irrespective of whether they belong to minority or majority. In spite of that, in the teeth of the observations of the Supreme Court that such a kind of special treatment will be in the nature of reverse discrimination which is contrary to article 14, you brought this legislation, with an ulterior motive, and that legislation is now being further amended to suit certain immediate needs for, again, convenience of your vote bank politics. Therefore, Sir, this House has to think whether promulgation of laws should be permitted to subvert the basic tenets of laws, and in the circumstances whether to permit this Bill to be passed.

Sir, the problems of this Bill begin with a reference to the minority which, incidentally, is not defined in the Constitution or in this Bill. The Supreme Court has expressly held that the concept of 'minority', whether religious or linguistic, is necessarily State-specific. But, here, the Central Government wants to usurp that power, which hits directly at the federal structure of this country, and decide who is a minority in what State, or who is a minority at the all-India level, because, this law expressly provides that the question of minority will be decided by the Central Government.

Sir, the question arises as to what this concept of 'minority' is. In our country, this concept needs to be examined today, because the very protection, which was necessary for minorities in various countries, is being used to be converted into a privilege when a sizeable section of the population claims that status. The concept of 'minority' socially, is not the concept of fifty-one versus forty-nine. But we have failed to appreciate this.

Sometimes, I ask a question to myself whether the French can be treated as minority in Canada. Are they so treated? Or whether the Scots are treated as minority in England or the Germans are treated as minority in Switzerland or the French in Switzerland. Therefore, I believe that this concept of 'minority', which the Central Government has taken upon itself to decide according to the exigencies of its political convenience, ought to be debated. Until then, all this pandering in the name of minorities ought to be halted.

Sir, when the new Ministry was established for minorities, the Minister-in-charge said that 'this is not a question of only religious minorities. I am concerned with linguistic minorities also and I am concerned with the fact

that there are several States in this country where the Hindus are also a minority.'

Sir, the question is, whether at the all-India level, the privileges available under this enactment will be available to the Hindus because they are a minority in some areas. In such a situation, therefore, the Central Government, trying to use the word' minority' to protect certain sections for the purposes of its vote-bank politics, is regretable. This Bill is permitting that, and, therefore, I am opposing this Bill..

Now, Sir, coming to the Bill proper, I find that every time thre is an unholy haste and with such unholy haste follows repentance in leisure. They promulgated an Ordinance, when it was not necessary, in November, 2004. Immediately, the same Bill was passed. So, the Bill could have been directly passed in the Lok Sabha and Rajya Sabha in December, 2004, which we did. Within six months, you moved an amendment. That amendment was referred to a Standing Committee. That Standing Committee took its decision within three months. But you didn't have time to wait for that report also. The Standing Committee Report came on the 6th of December, and yet, you promulgated an Ordinance before that. What was the need? It is said that before the next academic year, we should have a smooth procedure. One month would have made some difference when the academic year begins somewhere in July-August. These days, in professional colleges, the session starts in September. So the whole gamut is for the purpose of permitting professional colleges, run by minority institutions, to make money. This is not in the interest of minorities, not in the interest of minority students.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Member, you have spoken for nine minutes. You can continue your speech after lunch. The House is adjourned to meet at 2 o'clock.

The House then adjourned for lunch at one of the Clock.

The House re-assembled after, lunch at two minutes past two of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Bal Apte.

SHRI BALAVANT *ALIAS* BALAPTE : Thank you, Sir, for permitting me to resume my speech and, therefore, I believe that when there is a break, there is always a joining time which I should get. Sir, I was mentioning about this Bill which is before this House for consideration

and there I have already said that it proceeds giving an untrammelled power to the Central Government to decide who is a minority. Sir, this question has bogged us for the last fifty years and everybody, in a way, has avoided giving a clear-cut answer. Sir, when the question of admissions to these medical and engineering colleges came and when the Supreme Court tried to control the matters of merit and fees, the question of minority institutions and their rights came. Therefore, the Supreme Court expressly referred the question as to who should be considered a minority apart from other questions to a larger Bench. Initially, they referred it to a constitutional Bench, then to seven judges, then to nine judges and then to eleven judges. Then we have those three well-known judgements-one by 11 judges T.M.A. Pai, then the second explaining judgement in the Islamic Institute by 5 judges and then the third judgement in A.P. Inamdar by 7 judges. They did everything else and created new problems for education, but they avoided deciding the basic question which was raised in the beginning as to what is a minority. That question still remains undecided somewhere in the records of the Supreme Court, and here, we are presuming something and going ahead without either statutory or a constitutional authority. Sir, I have already said that this kind or reverse discrimination is impermissible in law. And, which we are blatantly doing for narrow partisan ends which are not in the interest of the nation. Sir, as I said, the Bill itself has several infirmities which again strike at the existing law. Earlier, you had a Schedule of the Universities any of which could be chosen by a minority institution and the chosen universities were very significant—the University of Nagaland, the University of Mizoram, the NEHU, that is, North Eastern Hill University—as if they were the premier Universities of this country to which a minority institution would like to affiliate itself. But, if the creation of that Schedule was arbitrary and *mala fide,* the removal of that Schedule is not only totally arbitrary but is also unconstitutional.

Sir, we are aware that all these institutions seek affiliation to universities and it is and the Act, at least, in its letter, that the affiliations by the universities will depend upon their own statutes, regulations and controls. But, here, while giving an uncontrolled right to the minority institutions to get affiliated to any university, the Central Government has forgotten that

these universities are established by statutes, are controlled by statutes, and the University Acts are codes in themselves. They provide for affiliation, for dis-affiliation; they provide for grievance; they provide for an appeal by the aggrieved party to an appellate authority, ultimately, which is either the Chancellor, who also happens to be the Governor or the Visitor who also happens to be the President. A higher authority is already provided there and appeal is provided already there, and this complete code in so far as the State universities are concerned, is a code enacted by the State laws. Now, while giving an appellate power to the Central Commission above the authority established by the States, by law within the laws of the State, is clearly contrary to the federal principle, is clearly illegal, is clearly unconstitutional because it hurts the basic structure of the Constitution. Technically, the Commission will be enjoying authority, possibly above the President. Because in Central universities , if the President is the highest authority, then, the Commission will sit in judgement over what the President decides. This is not only anomalous, this is improper, indecent and, obiously, unconstitutional. You cannot abrogate State laws under the Constitution without following the Constitutional requirements. We have a structure where the Central Legislature has larger powers, yes. But, those powers are to be used; they cannot be usurped and they cannot be used only by enacting a law here. The Constitution provides for an elaborate arrangement where there is a conflict between the two laws, were there is a State a law already occupying the field. But, you don't care to do that because you are not bothered about law; you are bothered about your votes. That is why, you include a definition of 'minority'. You include a definition of the educational rights of minorities in the Act. And the wording of that is identical with the provisions of article 30. If article 30 is there guiding, controlling fundamentally, why do you need to repeat that as a matter of definition in your enactment? It caters to what need, to what requirement? The need is to state something , which is abvious, saying that I am doing it for you. The malice, therefore, in this legislation us apparent by these very small incidents. The Rajya Sabha had referred this Bill to the Standing Committee and it had made very vaild, very reasonable suggestions. There is a rule of 60 days ceiling, which says that if an application is made and if it is not responded within the period, you should assume that your application is granted, such a

rule is always misused. We have innumerable examples in the town planning laws where a similar provision is there that you give your plan of development, and, if the authority does not decided within a particular number of days, then it will be assumed that your plan in approved, and, the authority which wants to favour has to do nonthing but to sit on that plan for those sixty days. Same thing can happen here. Therefore, the Standing Committee gave a very reasonable suggestion. It suggested that instead of sixty days, make it a little longer; instead of two months, make it three months. But you did not accept such a reasonable suggestion because you don't want to be reasonable.

The Second suggestion is about restrictions. A privilege is granted to get yourself affiliated to any university of the country. Now, there are obviously geographical constraints that really don't permit an institution in Kerala to be affiliated to a university in Nagaland. Therefore, a very fair suggestion was there that you can get affiliated to any university, but it should be within geographically contiguous limits. That would have been legal also. The present provision which is unreasonable, and, which ignores the Standing Committee's recommendation is incidentally illegal, which I have already pointed out. You cannot go beyond that region; you cannot go beyond the geographical limits of the State. But they maintained that Section 10A, as it is.

Then, there is one more dangerous provision in the present enactment, namely, that the Commission can intervene in any proceeding in any court of law in the country. Such a right will give the Commission such a power and such a temptation to misuse that the Commission will run from one court to another intervening; to do something convenient to the institutions, not for universities. This will not yield fair results. This will not yield fair treatment to the minority. This will support mismanagement, maladministration and wrongdoing in the name of intervention. Therefore, there are suggestions about it. Where such a power is given, that power is that you can intervene on the invitation of the court where the litigation is pending. And, a court would certainly call a Commission to assist it in certain basic conflicting issues. But, no, you want to go and intervene everywhere so that you can, in a way, interrupt the course of justice.

Now, an all India authority intervening in such a manner with a right governed by the statute will make the concept of judicial review for what it is not. You will be interfering with the judicial review, which really is the right of the citizens. A citizen has a right to intervene in any proceeding,

with the permission of the court, again, if he believes that the litigation is going to affect his rights. But, not without permission of the court, not without invitation of the court. You are going there without invitation.

Then, Sir, there are no safeguards in the legislation to prevent misuse of this concept of minority status. Minority status has been largely misused in the States where engineering and medical colleges have flourished during the last ten years. You claim to be a minority in Andhra Pradesh, you come from the adjacent Karnataka, you claim to be a minority in Mumbai, and, in your college, with a minority status, 95 per cent students don't belong to your community because it is really established there. It is not a minority institution at all. I had mentioned last time also that in places like Mumbai, minority institutions are 70 per cent of the total institutions. The very concept of minority is stood on its head, and, therefore, that is misused. They are given powers to admit 50 per cent students of their own community and 50 per cent students from the general list. If you don't have 50 per cent students of your own community, you have only 20 per cent or 10 per cent or sometimes you ignore your own community, because if you preserve those seats, you earn money. So, 40 per cent seats, which are reserved for the minority community, are used by the minority institutions for non-minority and non-merit students, and money is earned. Several such cases are there in Maharashtra, in Andhra Pradesh and in karnataka. Therefore, there has to be a safeguard provided by the statute to prevent such kind of a misuse of the status which will disentitle you, if the misuse is proved, to be a minority institution, because you are not helping the minority community.

Lastly, I would repeat what I had said earlier that this legislation is not for the benefit of minorities: This legislation is for the benefit of those who are running these institutions to earn money. They are a money-making project. We have now, as we had sugar *samraats* in Maharashtra and in Andhra Pradesh, *Shikshan samraats.* So, you are working for-them in the name of minorities you are defrauding the people, you are defrauding the minorities. Please don't do it. Please stop this legislation. Thank you, Sir.

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आजमी (मध्य प्रदेश) : उपसभापति जी, 11 नवंबर, 2004 को National Commission for Minority Educational Institutions Bill अमल में आया था। मैं इस बिल की हिमायत के लिए खड़ा हुआ हूं। वर्ष 2004 में कौमी कमीशन बराए अक्किल्लियती तालीमी इदारा कानून पास हुआ था, लेकिन इस कानून के निफाज के बाद जो हालात सामने आए, जो तजुर्बात सामने आए, उनके पेशे-नजर इस कानून का में मजीद इस्लाह

की जरूरत महसूस की गई थी। यह जरूरत भी महसूस की गई कि इस कानून का स्कोप और बढ़ा दिया जाए और जहां-जहां कुछ कमियां वाकी हैं, उन कमियों और खामियों को दूर कर दिया जाए। इससे पहले एक चीज यह थी कि 2004 के कानून में अक्किल्लियती तालीमी इदारों को सिर्फ 6 यूनिवर्सिटीज का हक दिया गया था और उन 6 यूनिवर्सिटीज मे से यूनिवर्सिटीज नॉर्थ-ईस्ट में थी। जहां तक मुस्लिम और सिख माइनॉरिटीज का ताल्लुक हैं, उनकी बड़ी तादाद शिमाली हिंदुस्तान में आबाद हैं और शिमाली हिंदुस्तान में सिर्फ एक यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी में उनको इलहाक का हक दिया गया था।चूंकि अक्किल्लियतें पूरे मुल्क में फैली हुई हैं, इसलिए इन इलाकों की मुस्लिम और सिख अक्किल्लियतों को इस एक यूनिवर्सिटीज के इलहाक के सिलसिले में दुश्वारी पेश आ रही थ। इसी वजह से अब इस तरमीमी बिल में, जो इस वक्त हमारे सामने हैं, 6 यूनिवर्सिटीज की बजाय मुल्क की हर यूनिवर्सिटी के साथ इलहाक को हक देकर इस कमी को दूर किया गया हैं।

सर, जहां तक तालीम का सवाल हैं, हाउस मुकम्मल तौर पर इस बात पर सहमत हैं कि तालीम हर हिंदुस्तानी तक पहुंचनी चाहिए और तालीम के बगैर न मुल्क तरक्की कर सकता हैं, मुल्क के आवाम तरक्की की राह पर चल सकते हैं, इस मुत्तफिका फैसले के बाद इस बिल पर यह बहस हो रही हैं कि यह बिल माइनोरिटीज को कितना फायंदा पहुंचाएगा या माइनोरिटीज के साथ कितना विश्वासघात किया जा रहा है । सही मायने में ऑपोजीशन के लोग भी यह चाहते हैं और हुकूमत के लोग भी यह चाहते है कि माइनोरिटीज, जो तालीमें एतबार से मुकम्मल तौर पर पसमान्दा हो चुकी हैं, उनकी पसमान्दगी को दूर करके कौमी मुख्यधारा में माइनोरिटीज को भी मेजोरिटी के साथ शाना-बशाना खड़ा कर दिया जाए। यह हैं वह उद्देश्य, जिसकी बूनियाद पर हाउस में दोनो साइड से अपनी-अपनी चिन्ताएं भी व्यक्त की जा रही हें और अपने-अपने सुझाव भी दिए जा रहे हैं। मैं डा. मूरली मनोहर जोशी जी को बहुत ही गौर से सुन रहा था और उनकी चिन्ताओं के पीछे भी यही बात साफ तौर पर जाहिर हो रही थी कि वे भी ईमानदारी के साथ मुल्क में माइनोरिटीज का तालीमी भला चाहते हैं और तालीमी भलाई के लिए उन्होने गवर्नमेंट के सामने अपने कुछ सुझाव रखें हैं। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि कश्मीर की वादी से लेकर कन्याकुमारी की सरहदों तक पूरा हिंदुस्तान एक रंग में दिखलाई दे, तरक्की की नहरें मुल्क की हर कौम के दरवाजे तक पहुंचे, तभी हम हिंदुस्तान का एक खुबसूरत सपना देख सकते हैं। उन्होने अपने बयान में इस बात पर तशबीश जाहिर की कि यह बिल मुल्क में लोगों के बीच दरार पैदा कर सकता हैं और अकलियत और अकसीरियत में मजीद खाइयां पैदा होगी और इससे लोगों की तशवीश में इजाफा होगा।

जहां तक मुल्क के संविधान का सवाल हैं, तो मुल्क का संविधान और देश का दस्तूर इतना महान हैं कि इसने देश में रहने वाली किसी कौम को, चाहे वह किसी मजहब से ताल्लुक रखती हो या किसी लिसानी अकलियतों-अकसीरियत का दर्जा रखती हो, सबके घर तक मसावात की रौशनी पहुंचाने का इन्तजाम किया हैं। मगर इस हकीकत के बावजुद शायद हमारा हाउस इस

हकीकत से इनकार न कर सके कि जब हम अमल में उसी दस्तूर को देखते हैं, तो वह दस्तूर अमली तौर पर जब नाफिज होता हैं, तो एक बहुत बड़े तबके को,जिसकी माइनोरटी के नाम से याद किया जाता हैं, हम महरूम देखते हैं। इसलिए कि नफाज मुल्क की आजादी के बाद से ही दस्तूर हिंद का हो रहा हैं और तालीमी एतबार से मुल्क की माइनोरिटीज, बिलखुसुस मुल्क की सबसे बड़ी माइनोरिटी, जिसे हम मुस्लमि माइनोरटी कहते हैं,तालीमी एतबार से जिस हद तक पसमान्दा हो गई हैं, अगर मुल्क के दस्तूर की रौशनी में जिन हाथों में हुक्मरानी का पॉवर था और जिन हाथों में इस दस्तूर को नाफिज होना, आलमे अमल में आना मुमकिन था, शायद उनसे कहीं-न-कहीं ऐसी गफलत जरूर हुई है, जिसके नतीजे में आज माइनोरिटीज की पसमान्दगी को दूर करने के लिए अज-सर-नौ हाउस में यह बहस हो रही हैं।अगर माइनोरिटीज के साथ भी वही सलूक किया गया होता, तालीमी इदारों में बाधाएं रोकने के लिए, जिस तरह दूसरे सेक्शन में किया गया हैं, तो शायद न आज इस बिल की जरूरत पड़ती, न इस चिन्ता की जरूरत पड़ती। यह बिल अपने आप में खुद इस बात को दर्शाता हैं कि मुल्क की आजादी के बाद से लेकर अब तक मुल्क की माइनोरिटीज के साथ कहीं-न-कहीं कजरवी अपनाई गई हैं, बिलखुसुस तालीमी मैंदान में। इसलिए आज सबकी चिंताएं इस बात पर मरकूज होकर रह गई हैं कि माइनोरिटीज की तालीमी पसमान्दगी को दूर करने के लिए ऐसे दस्तूरी उसूल लाए जाएं,बिल की शक्ल में, जो माइनोरिटीज की तालीमी पोजिशन को महफूज करते हुए इन्हे भी मुल्क की मेजोरिटी के साथ तालीमी मैदान में शाना-बशाना खड़ा होने का मौका दे सके। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इसी सिलसिले में जो यह बिल आया हैं, इसे गवर्नमेंट का अहम फैसला अकलियतों के तालीमो फरोग के लिएण हम मानते हैं। मगर इस तरह के और भी फैसले इस से पहले आए हैं, इस से इंकार नहीं किया जा सकता। "मरीजे इश्क पर रहमत खुदा की, मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की"। बहुत अच्छे-अच्छे फैसले आए, बहुत अच्छे-अच्छे कमीशन बने, मगर बात वहीं आकर रूक जाती हैं कि अमल कौन करेगा? काश, अमल हो गया होता तो आज इस तरह की न चर्चा करने की जरूरत थी, न इस तरह का बिल लाने की जरूरत थी। आज मैं हुकूमते हिंद से यह कहना चाहूंगा कि आप यह बिल लाए हैं, मुबारक कदम हैं, नेकनीयती नजर आ रही हैं, मगर इस बिल के पास हो जाने के बाद आप को इस का भी जतन करना पड़ेगा कि जो बाधाए आती हैं, उन बाधाओं को ईमानदारी के साथ दूर किया जाए । मैं समझता हूं कि यह जो कमीशन बना है, इस कमीशन के जो अख्तियारात है, शायद उन अख्तियारात कि रुह और मंशा याहि है कि जो बधाएं आती थीं, उन बधाओं का निष्कासन नहीं होता था। अब अगर वे बाधाएं आती हैं और लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं तो उन शिकायतों पर ईमानदारी के साथ गौर किया जाएगा व उन शिकायतों को दूर कर के मुख्य धारा में मुल्क की बड़ी अकल्लियत को भी लाया जाएगा। इस से अच्छी बात क्या हो सकती हैं कि अगर सब को समान दर्जा अमली तौर पर दिया जाए। मैं दस्तूरी तौर पर नहीं कह रहा हूं। जानबूझकर यह जुमला बोल रहा हूं, इसलिए कि दस्तूर ने कहीं कोई भेदभाव नहीं किया हैं,मगर तालीम का इतना अप-डाउन मुख्तलिफ समुदाय में यह बतला रहा हैं कि कहीं-न-कहीं तास्सुबाना रविश अख्यितार कर के लोगों ने एक बहुत

बड़े तबके को तालीम से महरूम कर दिया हैं बकिया इस में जितने भी सेक्शंस हैं, सब पर मैं तफसील में नहीं जाना चाहता। हरेक सेक्शन और दफा में इस बात की कोशिश की गयी हैं कि तालीम अकल्लियती इदारों को तहफ्फुज देने में किसी तरह की कोई कमी वाकयी न होने पाए। मगर कए बात मैं अर्ज करना चाहूंगा कि जिन इरादों को आप मंजूरी दे रहे हैं, बहुत अच्छी बात हैं, आप दीजिए और लोगों को उत्साहित कीजिए कि लोग ज्यादा-से-ज्यादा इदारे खोलें। मैं तो इस से पहले भी कहता रहा हूं और आज भी कहता हूं कि मुस्लिम इलाकों में खुसुमी तौर पर थाने खोलने पर जोर दिए जाते हैं, तालीम के इदारे खोलने पर जोर नहीं दिए जाते। काश, तालीमी इदारे खोलने पर जोर सर्फ किया गया होता तो मैं समझता हूं कि बहुत सारे उन मुजरिमाना हरकतों पर कदगन लगता जो मुजरिमाना हरकतें सिर्फ मुसलमानों में नहीं, नॉन-मुस्लिमों में भी पाई जाती हैं और उस की वजह सिर्फ और सिर्फ तालीम की रोशनी से महरूमी हैं। आदमी जब तालीम हासिल कर लेता है तो इज्जत और बेइज्जती की परिभाषा को पहचानता हैं, गद्दारी और वफादारी की परिभाषा को पहचानता हैं, हकूक देना और दिलवाने की परिभाषा को पहचानता हैं।

आज तालीम के फरोग के सिलसिले में यह जो कदम उठाया जा रहा हैं, अगर इस पर ईमानदाराना अमल हो गया, मै इस बात को बार-बार इसलिए दोहरा रहा हूं क्योंकि परेशानी बिल लाने में हमारे लिए नहीं हैं, परेशानी ऑर्डिनेस पास करने के लिए नहीं हैं, परेशानी तो आलमे अमल में लाने की हैं। जब तक आलमे अमल मे यह बिल नहीं आएगा तब तक कितना ही खूबसूरत बिल और कितने ही हुकूक की दुहाई देकर कोई ऑर्डिनेस पास किया जाए, मैं समझता हूं कि उस का नतीजा पोजिटिव निकलने वाला नहीं हैं। पोजिटिव निकलने के लिए मैं इस बिल पर अपनी आखिरी बात अर्ज करना चाहूंगा कि तालीमी इदारे तो हम खोल देंगे, मगर तालीमी इदारे नाम जमीन के एलॉटमेंट का नहीं है, बिल्डिंग की खूबसूरती का नहीं हैं, चैयर और डैस्क का नहीं हैं बल्कि उस में पढ़ने वालो के जरिए से तालीमी इदारा पहचाना जाता है। आज खूसूसियत से मैं मुल्क की सब से बड़ी मायनोरिटी, मुस्लिम मायनोरिटी की बात कहना चाहूंगा, यह देखकर हमें निदामत भी होती हैं और अफसोस भी कि मुल्क में मुस्लिम मायनोरिटी का तनासुब तालीमी एतबार से बहुत ही पिछडे बल्कि अति पिछडे लोगों से भी ज्यादा गिरती चली जा रही है, इस की वजह क्या है, क्यों है? मायनोरिटी खुद तालीम हासिल करना नहीं चाहती हैं या उन को तालीम के मवाके नहीं दिए जाते, इस बात को ईमानदारी के साथ लेना होगा। कुछ तो ऐसा हैं कि लोग अपनी गरबतो अफलास की बुनियाद पर तालीम के इदारों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। सब से बड़ी बात यह हैं कि जब तक गुरबत का खात्मा नहीं होगा आदमी तालीम की बात क्या सोचेगा? आज जिन-जिन इलाकों में सनअती इदारे हैं, इंडस्ट्रियल इदारें हैं जैसे अलीगढ़ वहां ताला बनता हैं, मुराबदाबाद वहां पीतल बनती हैं और मुबारकपुर, आजमगढ़, पूर्वाचल, बनारस-इन एरियाज में बुनाई का काम

होता हैं, साड़ियां बुनी जाती हैं। मिर्जापुर और भदोही में कारपेट बनते हैं। हम देखते हैं कि आप भी देखते हैं कि इसमें छोटे-छोटे बच्चों, 10-10, 12-12 साल के बच्चों का इस्तेमाल होता हैं। वे बच्चे सौ, दो सौ या तीन सौ रूपए महीने पाते हं। मां-बाप पेट की आग बुझाने के लिए उन तमाम बच्चों को उन इरादो में डाल देते हैं।

अब मैं पूछना चाहता हूं कि क्या 10 साल का हिन्दुस्तानी बच्चा कालीन बुनने के लिए पैदा हुआ हैं या स्कूल जाने के लिए पैदा हुआ हैं, इसलिए कि यह 10 साल का बच्चा एक मजदूर की शक्ल में दिखलाई दे रहा हैं? अगर मजदूर भी हो, मगर पढ़ा-लिखा हो, तो हिंदुस्तान की तस्वीर बहुत खूबसूरत तरीके से हमारे सामने आएगी। आज हम इस बात पर बेपनाह रूपया-पैसा करते हैं कि हम मेजंइसपोमेक हों, हम आगे बढे। नतीजे में हमें नुकसान भी उठाना पड़ता हैं। मगर, यही पैसा अगर हम इन गरीबों की तालीम पर खर्च कर दें और इन गरीबों को तालीमयाफ्ता हिंदुस्तानी बनाकर खड़ा कर दें, तो मेरा यह मानना हैं कि वह तालीमयाफ्ता हिंदुस्तानी जितनी रकम उसके ऊपर मुल्क की नेशनल प्रॉपर्टी के तौर पर लगी हैं, वह बच्चा खुद नेशनल प्रॉपर्टी बनकर अपने शुल्क के इज्जत-ओ-वाकर के आसमान तक पहुंचाएगा। वे बच्चे, जो कालीन बुन रहे हैं, बुनकरी कर रहे हैं या पीतल और ताले का काम रहे हैं, भट्ठियों में काम कर रहे हैं या मजदूर बन कर भट्ठा पर काम कर रहे हैं, आखिर उन बच्चों को कैसे स्कूल भेजने के लिए उत्साहित किया जाए, मेरे सामने यह एक बड़ा बुनियादी और अहम सवाल हैं, इसलिए कि तालीम अजहद जरूरी हैं। गवर्नमेंट ने आठवीं क्लास तक बिना फीस की तालीम कर दी है। गवर्नमेंट ने दोपहर के खाने का इन्तजाम भी कर दिया है। उसमें न तो माइनॉरिटी का कोई सवाल हैं और न ही मेजॉरिटी का सवाल हैं। मगर सबसे पहला सवाल उस गुरबत-ओ-अफलास का हैं कि जिसे एक वक्त का खाना नहीं मिल रहा हो, वह तालीम की रोशनी कहां से हासिल करेगा, स्कूल कैसे पहुंचेगा? आपने तो स्कूल खोलने का अधिकार दे कर यकीनन एक बड़े काम की तरफ अपना हौसला दिखलाया हैं,मगर जब तक आप स्कूल जाने वालों के लिए कोई पॉलिसी नहीं बनाएंगे, उनको स्कूल तक पहुंचाने की कोशिश नहीं करेगे, तो स्कूल खोलने के बाद क्या हम उनमें इंसानों के बजाए जिन्नातों और भूतों का बसेरा करना चाहते हैं?

हम आपसे अर्ज करना चाहते हैं कि ये बच्चे, जो दो सौ या तीन सौ रूपए महीने पर काम कर रहे हैं, इनके लिए एक तरीका और उपाय यह हो सकता हैं कि मरकजी हुकूमत और सुबाई हुकूमत इस पर गौर करें कि जितना पैसा उन बच्चों को सिर्फ पेट भरने के लिए दिया जाता हैं कि या तो वे पढ़े या अपना पेट भरें अगर से दोनों हुकूमत आधा-आधा पैसा अपने जिम्मे करके उन बच्चों के लिए वजायफ मुकर्रर कर दें, तो ऐसी सूरत ने वह नन्हा-सा बालक तालीम हासिल करके एक अच्छा हिंदुस्तानी भी नहीं बन सकता हैं और तीन वक्त, दो वक्त की रोटी, जो उसे नहीं

मिल रही हैं,जिसकी वजह से वह स्कूल नहीं जा पर रहा हैं, उसके पेट की आग भी बुझ सकती हैं। मैं तो अक्सर यह कहा करता हूं कि हमारे मुल्क में गांधी जी, मौलाना आजाद, जवाहरलाल नेहरू और इस तरह की जितीन शाख्सियतें, चाहें इधर से मुल्क की खिदमत के लिए पैदा हुई हों या उस साइड से मुल्क की खिदमत के लिए पैदा हुई हों,इन शख्सियतों के पेट में अन्न और पानी गया था, सुविधाएं थी, जिनकी बुनयिाद पे वे तरक्की करके मुल्क का नशिान और मुल्क का स्लोगान बन गए थे। आज के ये बच्चे,जो मारे-मारे फिर रहे हैं, हमें नहीं मालूम कि इन बच्चों में कौन गांधी जैसा जेहन रखता हैं, कौन नेहरू जी जैसा जेहन रखता हैं और कौन मौलाना आजाद जैसा जेहन रखता हैं। मगर हम यह जानते हैं कि भारत के जमीर-ओ-खमीर से पैदा होने वाला हर हिंदुस्तानी हिन्दुस्तान को इज्जत के आसमान तक जरूर पहुंचा देगा, इसलिए कि उसके जिस में यह बात शामिल हैं, उसके खून में यह बात शामिल हैं। शर्त यह हैं कि उसको मोका मिले और उसे मौका देने के लिए सिर्फ स्कूल खोलना ही जालमी नहीं होगा, स्कूल तक पहुंचाने के लिए उन्हे वे लाजमी सुविधाएं भी देना जरूरी होगी, जिनकी बुनिसाद पर गरीबों को उत्साहित करके स्कूलों तक पहुंचाया जाए। तब यही गरीब जिसके हाथ और पैर की कमाई के जरिए आज हिंदुस्तान की फसलें लहलहा रही हैं, उसके तामीर-ओ-तरक्की के नक्शें से हिंदुस्तान मजबूत होता जा रहा हें, अगर उसके पास ईल्म का भी हुनर हो जाएगा, अगर उसके पास तमद्दुन और कल्चर भी आ जाएगा, तो इतना बड़ा मुल्क जो संस्कृति में विशाल हैं,जो अपनी तहजीब में लासानी हैं, जिस मुल्क का नेचर ही उस मुल्क के ईल्म और अमल को दूनिया में उजागर करता हैं, अगर उन बच्चों पर थोड़ी सी मेहनत हो जाती हैं और इन बच्चों को स्कूल का मुंह इस तरह से दिखाया जाता हैं कि उनके पेट भी भरें और वे तालीम भी हासिल करें,तो मैं समझता हूं कि यह बिल भी कार-आमद होगा और हुकूमत की पॉलिसी भी कार-आमद होगी।

मैं आखिरी जुमला अर्ज करके अपनी बात खत्म करना चाहता हूं। मैं ऐसी सूरत में इस बात पर फिर बल दूंगा कि उनको दो सौ या तीन सौ रूपए महीने मिलते हैं। जब उनके घर पर जाकर कहा जाए कि अपने बच्चों को स्कूल भेजो, तो वे कहते हैं कि साहब पेट की आग बुझाएं या स्कूल जाएं और भी परेशानियां और बाधाएं हैं। ऐसे गरीबों को हमने देखा हैं कि रात-रात भर रिक्शा चलाते हैं और उस कमाई से अपने बच्चों को पढ़ाते हैं।

सर, मैं अपना ही एक वाकया आपके सामने रखना चाहूंगा। बरसात का समय था, झारखंड में एक शहर हैं हजारीबाग, मैं वहां बस स्टैड पर उतरा और वहां से दो किलोमीटर पर महल्ला मटवानी जाने के लिए रात के दो बजे मैंने एक रिक्शा किया। उस जमाने में रिक्शा वाला डेढ़ रूपया लिया करता था। इतनी झमाझम बारिश हो रही थी और वह आदमी रिक्शा चला रहा था। जब मैं घर पर पहुंचा तो मैने उससे पूछा कि आप और क्या करते हों? उसने कहा कि बाबू जी, मैं रात में,दनि में रकि्शा चलाता हूं और अपने बच्चों को, बड़ी ख्वाहिश हैं मेरे दिल में,कि अच्छी से अच्छी तालीम दिलवा कर उनको मुल्क का सेवक और इल्मों-अदब के मैदान में उनकी जिंदगी को निखारूं। मैने

उसको डेढ रूपये के बजाय दस रूपये दिए, मगर ये दस रूपए उसके मुस्तकबिल को तो नहीं संवार सकते थे। अलबत्ता उसकी ख्वाहिशों का एहतराम करते हुए मैं कहना चाहूंगा कि कितने लोग हैं, जो अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं, मगर हाय रे, पेट की मार कि भूख की आग से तडपता हुआ बचपन बेहतर जवानी के लिए महरूम हो जाता हैं। अगर हम कूछ ऐसा कर सकें कि जिन बच्चों को ऐसी छोटी-छोटी जगहों पर सौ रूपए, दो सौ रूपए हासिल करने के लिए पेट की आग बुझानी पड़ती हैं और इल्म जैसी महान शक्ति से वे बच्चे वंचित रह जाते हैं, अगर यही रकम सेंट्रल गवर्नमेंट और शुबाही गवर्नमेंट आधी-आधी अपनी साइड से मुहैया करवा दें ऐसे बच्चों के लिए, तो उनके पेट की आग भी बुझ जाएगी और आप जो इल्म का सपना अपना बनाना चाहते हैं, वह भी साकार हो जाएगा।

सर, इस बिल की हिमायत करते हुए मैं यहीं कहना चाहूंगा कि कोई ऐसा माहौल पैदा कीजिए कि जन-जन में यह नारा गूंजे-"पढो, लिखों, इंसान बनो, भारत की पहचान बनों"। थैंक यूं, शुक्रिया।

مولانا عبیداللہ خان اعظمی "مدھیہ پردیش": اپ سبھا پتی جی،۱۱ نومبر ،۲۰۰۴ کو National Commission for Minority Educational Institutional Bill عمل میں آیا تھا۔ میں اس بل کی حمایت کے لئے کھڑا ہوا ہوں۔ سال ۲۰۰۴ میں قومی کمیشن برائے اقلیتی تعلیمی ادارہ قانون پاس ہوا تھا،لیکن اس قانون کے نفاد کے بعد جو حالات سامنے آئے، جو تجربات سامنے آئے، ان کے پیش نظر اس قانون میں مزیداصلاح کی ضرورت محسوس کی گئی تھی۔ یہ ضرورت بھی محسوس کی گئی کہ اس قانون کا اسکوپ اور بڑھا دیا جائے اور جہاں جہاں کچھ کمیاں واقع میں، ان کمیوں اور خامیوں کو دور کر دیا جائے۔ اس سے پہلے ایک چیز یہ تھی کہ ۲۰۰۴ کے قانون میں اقلیتی تعلیمی اداروں کو صرف ٦ یونیورسٹیرز کا حق دیا گیا تھا اور ان چھ یونیورسٹیوں میں سے چار یونیور سٹیز نارتھ ایسٹ میں تھیں۔ جہاں تک مسلم اور سکھ مائنارٹیز کا تعلق ہے، ان کی بڑی تعداد شمالی ہندوستان میں آباد ہے اور شمالی ہندستان میں صرف ایک یونیورسٹی ، دہلی یونیورسٹی میں ان کو الحاق کا حق دیا گیا تھا۔ چونکہ اقلیتیں پورے ملک میں پھیلی ہوئی ہیں، اس لئے ان علاقوں کی مسلم اور سکھ اقلیتوں کو اس ایک یونیورسٹی کے الحاق کے سلسلے میں دشواری پیش آرہی تھی۔اسی وجہ سے اب اس ترمیمی بل میں، جو اس وقت ہمارے سامنے ہے، چھ یونیور سٹیز کی بجائے ملک کی

†[ ] Transtiteration in Urdu Script.

ہریونیورسٹی کے ساتھ الحاق کا حق دیکر اس کمی کو دور کیا گیا ہے۔

